Roll No. ....
Signature of Invigilator ………………………

Paper Code
BD-402

पतंजलि विश्वविद्यालय

University of Patanjali

Examination May – 2019

B.A. Philosophy (Semester: Fourth)

Philosophy

वैशेषिक दर्शन–2

Time: 3 Hours **Max. Marks: 70**

नोट : यह प्रश्नपत्र सत्तर (70) अंकों का है जो तीन (03) खंडों अ, ब, तथा स में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है।

खण्ड–अ
(दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'अ' में पांच (05) दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न दिए हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए पंद्रह अंक निर्धारित हैं। किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(3×15=45)**

1. वैशेषिक दर्शनानुसार 'अभाव' क्या है तथा अभाव के कितने प्रभेद हैं? प्रत्येक भेद के स्वरूप को उदाहरणपूर्वक स्पष्ट करें।
2. कणाद मुनि के मत में वेद क्या हैं? तथा वेद और वेद विहित कर्मों को प्रामाणिक माने जाने में क्या विशेष निमित्त हैं?
3. वैशेषिक दर्शन के परिप्रेक्ष्य में शब्द और अर्थ के मध्य सम्बन्ध को स्पष्ट करें तथा शब्द से अर्थ का ग्रहण होने में क्या निमित्त हैं?
4. अधीतग्रन्थानुसार सुख दुःख को परिभाषित करें तथा सुख – दुःख के ज्ञान गुण से पृथक् अस्तित्व को सप्रमाण सिद्ध करें।
5. वैशेषिक दर्शन के वैज्ञानिक तथा आध्यात्मिक पहलूओं पर तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत करें।

खण्ड–ब
(लघु–उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ब' में छः (06) लघु-उत्तरीय प्रश्न दिए गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए पांच अंक निर्धारित हैं। किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(4×5=20)**

1. संयोग गुण क्या है तथ संयोग के कितने प्रकार हैं?
2. राग की उत्पत्ति में सम्भावित निमित्तों को प्रमाणपूर्वक बताएं।
3. समवाय तथा असमवाय कारण को परिभाषित करें।
4. वैशेषिक दर्शनानुसार अविद्या क्या है तथा अविद्या की उत्पत्ति में क्या निमित्त हैं?
5. दुष्टत्व क्या है तथा उसके संसर्ग का क्या परिणाम है?
6. धर्माधर्म में प्रवृत्ति क्यों होती है और उसका क्या फल है?

खण्ड–स
(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'स' में पाँच (05) अतिलघु उत्तरीय प्रश्न दिए गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित हैं। इस खण्ड के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक या दो पंक्तियों में लिखिए। **(05×01=05)**

1. अत्यन्ताभाव क्या है ?
2. वैशेषिक दर्शन में 'अर्थ' शब्द का क्या तात्पर्य है ?
3. ऋषि कणाद के अनुसार विद्या का क्या स्वरूप है ?
4. योगियों के दो प्रकार कौन-से हैं ?
5. वैशेषिक दर्शन का अपर नाम क्या है ?

---------------x---------------